९. विशेषण

संज्ञा–सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जिनकी विशेषता बताई जाती है वे विशेष्य होते हैं।

शिक्षण–संकेत

❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को विशेषण की पुनरावृत्ति करवाते हुए उनसे विशेषण के बारे में जानें।

❖ कुछ वाक्य बोलें तथा बच्चों से उनमें विशेषण चुनवाएँ।

❖ पाठ पृष्ठ 57 पर दिए गद्यांश को पढ़ें तथा बच्चों को विशेषण स्पष्ट रूप से समझाएँ।

❖ विशेष्य से परिचित करवाएँ तथा गद्यांश में आए विशेषण–विशेष्य शब्द पढ़वाएँ।

❖ विशेषण के भेदों को बताएँ।

❖ पाठ पृष्ठ पर दिए उदाहरणों की सहायता से विशेषण भेद समझाएँ।

❖ बच्चों को आसपास की प्रतिदिन काम आने वाली वस्तुओं के माध्यम से विशेषण समझाने का प्रयास करें।

❖ सुनिश्चित करें बच्चे विषय समझ पा रहे हैं। बीच–बीच में उनसे प्रश्न पूछते रहें।

❖ अभ्यास करवाने में यथासंभव सहायता करें।